
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 28.11.2023 से 03.12.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में हरियाणा रजत पदक से अलंकृत

(दिनांक 28.11.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा नई नई उपलब्धि हासिल कर रहा है।

इसी कड़ी में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला **2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वच्छ मंडप (राज्य) श्रेणी में हरियाणा को रजत पदक से अलंकृत** किया गया है।

व्यापार मेला में इस बार हरियाणा मंडप आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंडप में **हरियाणा की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और उपलब्धियों के साथ–साथ आधुनिक तकनीक के सहारे प्रगति के पथ पर अग्रसर प्रदेश की तस्वीर दिखाई** गई थी।

इसमें व्यापार और वाणिज्य से लेकर खेलों में प्रदेश की उपलब्धियों का

प्रदर्शन किया गया। हरियाणा की धरती पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन के माध्यम से दिए गए श्रीमद्भागवत गीता में निहित 'कर्म' के संदेश को बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया था। लगभग 600 वर्ग मीटर में बनाए गए मंडप में कुल 51 स्टॉल लगाए गए।

पूरे क्षेत्र का समुचित उपयोग करते हुए प्रदेश में निर्मित वस्तुओं का सही ढंग से प्रदर्शन करने के साथ–साथ स्वच्छता पर भी पूरा ध्यान दिया गया।

**केंद्र सरकार के 'स्वच्छ भारत अभियान' के संदेश को आगे बढ़ाने में हरियाणा बहुत से मायनों में सफल रहा है और इसी की झलक हरियाणा मंडप में देखने को मिली।**

व्यापार मेले में जहां एक ओर हरियाणा प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया वहीं, दूसरी ओर यह दर्शाया गया कि हरियाणा हज़ारों सालों से व्यापार का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रदेश की संस्कृति व परंपरा से आगंतुक बहुत प्रभावित दिखे।

प्रवेश द्वार के सामने ही हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र में प्रचलित रही चौपाल–परंपरा को दर्शाया गया जहां पर ग्राम सभा के लोग समूह में बैठकर अपने गांव के विकास की रूप रेखा तैयार करते हैं और यहां आपसी विवादों का भी निपटारा सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जाता है। हिसार जिला के राखीगढी में मिले सिंधुघाटी सभ्यता से जुड़े 7 हजार साल से भी पुराने साक्ष्य दर्शाते हैं कि यहां लोग आदिकाल से ही व्यापार करते आए हैं।

उन्नति की गाथा लिखते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने **पिछले 9 वर्षों के दौरान 'बिजनेस फ्रेंडली' नीतियां लागू करके व्यापार को बढावा** दिया है।

इसके परिणामस्वरूप हरियाणा विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है। सरकार की व्यापार हितैषी नीतियों के उत्साहजनक परिणाम आए जिनको व्यापार मेले में हरियाणा मण्डप में विशेष रूप से उल्लेखित किया गया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## दान में मिली धौली की जमीन का मिला मालिकाना हक

(दिनांक 28.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने 11 दिसंबर 2022 को करनाल में आयोजित इसी संदर्भ में वित्तीय आयुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा ने सभी जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं।

वित्तीय आयुक्त राजस्व ने उपायुक्तों को आदेश दिया है कि **हरियाणा धौलीदार, बूटीमार, भोंडेदार और मुकरारीदार (मालिकाना अधिकार निहित करना) अधिनियम संशोधित किया गया है। इसके तहत निजी व्यक्ति/संस्था की भूमि धौलीदारों आदि में निहित कर दी गई है. दान में मिली जमीन बेचने पर भी कोई रोक नहीं रहेगी।** पत्र में सभी उपायुक्तों को यह भी कहा गया है कि वे जिले के सभी पंजीकरण अधिकारियों को संबंधित धौलीदारों द्वारा उनके पक्ष में उत्परिवर्तन की मंजूरी के बाद बिक्री कार्यों आदि को आगे पंजीकृत करने के लिए अच्छी तरह से जागरूक करें।

माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणाएं जिनमें भगवान **परशुराम जयंती के अवसर पर राजपत्रित अवकाश**, कैथल में मेडिकल **कॉलेज का नाम भगवान श्री परशुराम** के नाम पर रखा जाना, पहरावर जमीन गौड़ ब्राह्मण कॉलेज को ही देना, **भगवान परशुराम के नाम पर डाक टिकट जारी करना**, **करीब 1700 एकड़ निजी जमीन धौलीदारों को देना**, करनाल में फव्वारा चौक का नाम भाई मती दास–सती दास छिब्बर, पुराने परशुराम चौक का सौंदर्यीकरण, **परशुराम चौक से गांधी चौक तक के मार्ग का नाम भगवान परशुराम मार्ग,** करनाल की ब्राह्मण धर्मशालाओं के लिए कुल 31 लाख रुपये देना आदि ब्राह्मण समाज की अधिकतर मांगो को पूरा कर दिया गया है।

# सोनीपत जिले में 2 नए पुलिस स्टेशनों को मंजूरी

(दिनांक 29.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने **सोनीपत जिले के गांव बरोटा और फरमाणा में 2 नए पुलिस स्टेशनों की स्थापना के लिए प्रशासनिक मंजूरी दे दी** है। यह निर्णय क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों के जवाब में लिया गया है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र के निवासियों के लिए सुरक्षा बढ़ाना है। बरोटा में स्थापित होने वाला नया पुलिस स्टेशन लगभग 58,100 लोगों को सेवा प्रदान करेगा जबकि फरमाणा पुलिस स्टेशन पर करीब 77,951 लोगों की सुरक्षा का जिम्मा रहेगा। प्रवक्ता ने आगे बताया कि हरियाणा सरकार ने स्थापित मानदंडों और विनियमों के अनुसार यह सुनिश्चित किया है कि नए पुलिस स्टेशन का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

(दिनांक 29.11.2023)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हुई **उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 2500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई।** बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 22 करोड़ रुपये की बचत की गई है। हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में पुलिस, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (एचवीपीएनएल), उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन), परिवहन, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, शहरी स्थानीय निकाय विभाग सहित **विभिन्न विभागों के 12 एजेंडे तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी में कुल 23 एजेंडे रखे**



**गए** और अधिकतर एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।

**फतेहाबाद जिले के टोहाना में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल जल्द बनकर तैयार होगा।** इस संबंध में आज बैठक में अस्पताल के निर्माण कार्य के संबंध में लगभग 49 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी प्रदान की गई।

इनके अलावा, बैठक में पुलिस विभाग द्वारा 52 सीटर 6 बसें तथा 32 सीटर 34 मिनी–बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। 55 पुलिस ट्रूप कैरियर की खरीद के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। **विकास एवं पंचायत, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड व अन्य विभागों के इंजीनियरिंग वर्क्स के लिए 343 करोड़ रुपये की सामग्री की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई।**

बैठक में जिला फरीदाबाद के सेक्टर–78 में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों, **सड़क कार्य सहित अन्य**



**विविध भवनों सहित सिविल कार्य आदि के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी प्रदान की गई।** करनाल स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करनाल में खालसा चौक से हरियाणा **नर्सिंग होम और वाल्मिकी चौक से अंबेडकर चौक तक रेलवे रोड पर फ्लाईओवर के निर्माण के संबंध में लगभग 122 करोड़ रुपये और जिला पंचकूला के सेक्टर–5 में राज्य पुस्तकालय भवन के निर्माण कार्य के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट को स्वीकृति दी गई।**

# फरीदाबाद में जिला लोक सम्पर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन

(दिनांक 29.11.2023)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता मेरा परिवार है, सेवा और संकल्प की भावना को लेकर सरकार हर वर्ग का कल्याण कर रही है। इस **बैठक में कुल 14 परिवाद रखे गए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आमजन की शिकायतों से जुड़े मामलों में कोर्ट लिटिगेशन की बजाय संबंधित व्यक्ति की समस्या के समाधान के लिए बेहतर विकल्प देकर

तुरंत राहत पहुचाई जाए। उन्होंने कहा कि जनता को परेशान करने का अधिकार किसी को नहीं है। सरकार की सोच है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक सुखद महसूस करे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार एक समान विकास कार्यों को बढ़ावा दे रही है।

सरकार की सोच है कि विकास कार्यों पर खर्च की जाने वाली राशि का सदुपयोग हो और आम जनमानस को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलें। बैठक उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **लावारिश पशुधन को लेकर ग्राम पंचायतों व गौसेवा आयोग के बीच एमओयू करवाया जाएगा।** इसके साथ ही इस बार गौसेवा आयोग का बजट भी 40 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। **जनता की सेवा करना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है।** नहरी पानी से जुड़ी समस्या के संबंध में छायसा डिस्ट्रीब्यूटरी के अंतर्गत आने वाले गांव मोहना, हीरापुर, नरहावली, नरियाला आदि के संबंध में **सिंचाई विभाग और बिजली विभाग अपने अपने संबंधित कार्यों को 31 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए।**

उन्होंने शिकायतकर्ता मोहिनी अवरोल की समस्या के समाधान पर चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के साथ–साथ घर के कागजात दिलाने की दिशा में उचित कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही रिहायशी व इंडस्ट्रियल स्थानों को लेकर एचएस वीपी व एचएसआईआईडीसी में कई मामले सामने आ रहे थे। अब निर्देश दिए गए हैं कि रिहायशी क्षेत्रों का पूरा मामला एचएसवीपी देखेगी और इंडस्ट्रियल का मामला एचएसआईआई डीसी देखेगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जगदीश चंद्र बोस जी की जयंती पर श्रद्धांजलि

(दिनांक 30.11.2023)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने जे. सी.बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में **प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस के 165वीं जयंती समारोह में शिरकत की।**

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी ने विश्वविद्यालय परिसर में **जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की।**

माननीय मुख्यंत्री जी ने जगदीश चंद्र बोस के योगदान पर बल देते हुए कहा कि उनका जीवन युवा शोधकर्ताओं के लिए एक आदर्श है, जिससे उन्हें प्रेरणा लेनी चाहिए।



# फरीदाबाद के फतेहपुर बिल्लौच गांव से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

(दिनांक 30.11.2023)

प्रभाव : माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने **विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान झारखंड के देवगढ़ स्थित एम्स से 10 हजार जन औषधि केंद्रों और प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ किया,** जिसका उन्होंने नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया। अपने संबोधन में माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि **जन औषधि केंद्रों से गरीबों को सस्ती दवाइयां मिलेंगी।** अच्छी दवा–अच्छी सेवा ही जन औषधि केंद्र का मूल उद्देश्य है। भविष्य में जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 25 हजार की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है। लोग अधिक से अधिक इस से जुड़े, ताकि उन्हें सरकार द्वारा



# साप्ताहिक सूचना पत्र




लागू की गई योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री जी ने देश के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इसी कड़ी में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में फरीदाबाद के बिल्लौच गांव में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को रवाना किया। इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी के देश को दिए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबोधन को भी सुना गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरियाणा में जनसंवाद कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। जिसकी शुरूआत आज फरीदाबाद जिला के बिल्लौच गांव से की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाना है। लोगों को योजनाओं के बारे में भी अवगत कराना है।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उनकी

सरहना भी की। बिल्लौच गांव के राजकीय कन्या विद्यालय के भवन के निर्माण के एस्टीमेट तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से जुड़ी फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की आनलाइन सेवाएं देने के विशेष काउंटर लगाए गए। व्यक्तियों की वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को मौके ही ठीक किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने **कार्यक्रम के दौरान तैयार किए गए 7 व्यक्तियों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के प्रमाण भी वितरित किए।**

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने **मुबंई में ताज होटल में 26 नवबर 2011 के दौरान हुए आतंकी हमले में सैंकड़ों लोगों की जान बचाने वाले कमांडो सुरेंद्र चौधरी को**



**सम्मानित भी किया।** इसके अलावा प्रगतिशील किसानों, खिलाड़ियों व मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

# 5 प्रमुख जिला सड़कों के सुधारीकरण के लिए 60.24 करोड़ रुपये की मंजूरी

(दिनांक 01.12.2023)

**प्रभाव :** राज्य में कनेक्टिविटी बढ़ाने और निर्बाध परिवहन की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए **माननीय मुख्यमंत्री जी ने 60.24 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की महत्वपूर्ण सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है।** इस संबंध में सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि परियोजनाओं में हिसार जिले में हिसार–घुड़साल रोड (एमडीआर) के 24.79 किमी का सुधार कार्य जिसके लिए 25.84 करोड़ रुपये, चरखी दादरी जिले में 5.76 करोड़ रुपये की लागत से सतनाली–बाढड़ा– जुई सड़क (एमडीआर–125) का 19 किलोमीटर का हिस्से का सुधार, पलवल जिले में 13.27 करोड़ रुपये की लागत से होडल–नूंह–पटोदी–पटोदा सड़क के 26 किलोमीटर तक का सुधार कार्य शामिल है। इसके अलावा, पानीपत जिले में 5.66 करोड़ रुपये की लागत से गन्नौर से शाहपुर (एमडीआर–121) सड़क के 8.64 किमी का सुधार, झज्जर



# साप्ताहिक सूचना पत्र

जिले में 9.71 करोड़ रुपये की लागत से छारा–दुजाना–बेरी –कलानौर सड़क के 20.41 किमी तक के हिस्से का सुधार कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए सड़कों का जाल बिछा दिया है, जिससे लोग वाहनों से प्रदेश के एक छोर से दूसरे छोर तक चंद घंटों में पहुंच रहे हैं। उनके समय और धन की बचत हो रही है। प्रदेश में 1130 किलोमीटर लंबे 20 नये राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित हैं, जिनमें से 8 का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 12 का काम प्रगति पर है। आज प्रदेश का हर जिला राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ चुका है।

देश की राजधानी दिल्ली के चारों तरफ यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुंडली–मानेसर–पलवल और कुंडली–गाजियाबाद–पलवल एक्सप्रेस–वे पर यातायात शुरू हो गया है। अब वाहन चालकों को दिल्ली व इसके आसपास जाम से नहीं जूझना पड़ता है। इसी तरह से अंबाला से कोटपुतली ग्रीनफील्ड कॉरिडोर (152–डी) 10,646 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो चुका है। यहां से वाहन सरपट दौड़ते हैं और सैकड़ों किलोमीटर की दूरी कुछ ही घंटों में पूरी होती है।

प्रदेश में सड़कों व राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों का दबाव ज्यादा बढ़ गया था, जिससे जाम की स्थिति रहती थी। सरकार ने लोगों को राहत देते हुए 3,642 करोड़ रुपये की लागत से 6,863 किलोमीटर लम्बी नई सड़कों का निर्माण किया और साथ ही साथ 41,869 किलोमीटर लम्बी सड़कों का 21,133 करोड़ रुपये की लागत से सुधार किया। इतना ही नहीं, यातायात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने 17 टोल टैक्स बैरियर भी हटाये। पंचकूला–यमुनानगर, अंबाला–कैथल, जींद–नरवाना–पंजाब सीमा तक, सोनीपत–झज्जर राष्ट्रीय राजमार्गों को चार मार्गी बनाया है। इसी वजह से अब इन मार्गों पर जाम नहीं

# साप्ताहिक सूचना पत्र

लगता। **इसी तरह से 2577 करोड़ रुपये की लागत से 63 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।** 50 पुलों का कार्य प्रगति पर है। इन पुलों की वजह से यातायात जाम के काफी हद तक छुटकारा मिलेगा।

**सरकार द्वारा शुरू की गई मेट्रो सेवा लोगों के लिए कारगर साबित हुई है। 580 करोड़ रुपये की लागत से वाई.एम.सी.ए. चौक से बल्लभगढ़ तक मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है,** जिससे आसपास के क्षेत्र के लोगों की यात्रा सुविधापूर्वक हो गई है। इसी तरह से बहादुरगढ़–मुंडका (दिल्ली) तक 2029 करोड़ रुपये की लागत से मैट्रो सेवा शुरू हुई है। 2494 करोड़ रुपये की लागत से बदरपुर मुजेसर (वाईएमसीए चौक) तक और 2143 करोड़ रुपये की लागत से सिकंदरपुर स्टेशन से सेक्टर–56 तक मेट्रो रेल सेवा शुरू की गई है। लगभग 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से सराय कालेखां–करनाल और सराय–कालेखां से अलवर राजस्थान बॉर्डर के बीच रीजनल रेपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम कनेक्टिविटी परियोजना शुरू की गई है।


वहीं नरेला से कुंडली, हुडा सिटी सेंटर–साइबर सिटी गुरुग्राम व रेजांगला चौक से सेक्टर 21 द्वारका तक मेट्रो रेल मंजूर की गई है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोगों को भविष्य में भी सड़क व रेल तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए कई योजनाओं पर काम शुरू कर रखा है। इसी क्रम में दिल्ली–वडोदरा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे निर्माणाधीनहै। पानीपत–सफीदों–नगूरा–ऊचाना–प्रभुवाला–भूना–रतिया–सरदूलगढ़–कालांवाली–मंडी डबवाली को जोड़ने वाला पूर्व–पश्चिम एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन है।

इसी तरह से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जिलों जैसे कि अंबाला और भिवानी के रिंग रोड और के. एम.पी. एक्सप्रेस–वे के साथ पृथला (पलवल) से सोनीपत तक 5,500 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे लाइन की स्वीकृति मिली है।

# संत निरंकारी मिशन के नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम में शिरकत

(दिनांक 02.12.2023)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने **गांव भोड़वाल माजरी के पास जीटी रोड स्थित संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक केंद्र में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं अन्य को सम्बोधित करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार के नशा रूपी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के प्रयास में संत निरंकारी मिशन अहम भूमिका निभा रहा है।**

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नशा तस्करों की कमर तोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस मौके पर मिशन की प्रमुख सतगुरु सुदीक्षा जी महाराज भी मौजूद रही।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित युवाओं एवं अन्य को सम्बोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज में फैली बुराइयों

# साप्ताहिक सूचना पत्र




को दूर करने में निरंकारी मिशन लगातार काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में ऊंची उड़ान भरने का टारगेट रहता है। उन्हें हुनर व कौशल के माध्यम से प्रयास करना चाहिए। लक्ष्य हासिल ना होने पर कठिनायां शुरू हो जाती हैं, जो धीरे धीरे तनाव में तब्दील हो जाती है। इस स्थिति में गलत व्यक्तियो की संगति व नशे का सेवन उन्हें आगे बढ़ने से रोकता है। नशा रूपी बुराई विश्वव्यापी हो गयी है। **माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्होंने अपने जन्मदिन पर 5 मई को सन्तों का आशीर्वाद लेकर प्रदेश को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।** उन्होंने कहा कि **सामाजिक बुराई (नशा आदि) को सरकार केवल अपने स्तर पर खत्म नही कर सकती, इसके लिए समाज के सहयोग की आवश्यकता है।** उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए नशा तस्करों की कमर तोड़ने में युवा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि आप के पास नशा तस्करों के खिलाफ कोई सूचना हो तो तत्काल नार्कोटिकस कण्ट्रोल ब्यूरो को सूचना दें। सरकार नशा तस्करों के जाल को तोड़ने में कतई देर नही करेगी।

# जल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक

(दिनांक 03.12.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में चल रही जल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा करते हुए आज **सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू परियोजनाओं का तय समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को इन परियोजनाओं का लाभ जल्द से जल्द मिल सके।**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को अब तक चिह्नित किए गए 1000 एकड़ क्षेत्रफल वाले लगभग 100 जल निकायों पर जल्द से जल्द काम शुरू करने और मानसून 2024 की शुरुआत से पहले इसे पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बारिश के अतिरिक्त पानी के भंडारण हेतु पर्याप्त भंडारण क्षमता उत्पन्न की जा सके।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए कि जल संरक्षण के लिए अरावली की तलहटी में छोटे तालाब बनाये जाएं। इसके अलावा उन्होंने जन संवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों द्वारा दिए गए कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सिंचाई कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करें और योजना की बाधाओं को कम करने और परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए बैंक ऑफ सैंक्शन की निरंतर समीक्षा करें।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राष्ट्रीय सनातन महासंघ द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन

(दिनांक 03.12.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने हिसार में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक स्वामी धर्मदेव द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज से नशे को जड़ से मिटाने के लिए बच्चों को संस्कारवान बनाना होगा। इस कार्य में अभिभावक तथा सामाजिक संस्थाएं अहम भूमिका अदा कर सकती हैं। हरियाणा सरकार भी नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है और इस अभियान में सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। नशामुक्ति की दिशा में



किए जा रहे हमारे प्रयास निश्चित तौर पर स्वच्छ समाज की स्थापना के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगे।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सनातन महासंघ द्वारा देश में जो नशा मुक्ति, मातृ–पितृ वंदन, असहाय का सहयोग तथा दृढ़ अनुशासन का पांच सूत्रीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है, यह युवाओं के उत्थान में काफी कारगर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन कुछ युवा नशे के जाल में फँस रहे हैं, हमें युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक तरीक़े से इस्तेमाल कर मजबूत भारत की नींव रखनी होगी।

उन्होंने कहा कि नशे की सप्लाई चौन तोड़ने के लिए खास रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है। **पंचकूला में नशे के खिलाफ आठ राज्यों का संयुक्त हेडक्वार्टर बनाया गया है।** इसी साल हरियाणा में 140 करोड़




रुपये से अधिक की नशे की खेप को सरकार ने नष्ट किया है। उन्होंने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति को तैयार करना होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों को अपना परिवार मानकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है।** अंत्योदय की भावना से चलायी गई योजनाओं के सहारे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है। कार्यक्रम से पहले माननीय मुख्यमंत्री जी ने **नशे के खिलाफ जागरूकता को लेकर सर्व कल्याण मंच हरियाणा द्वारा चलाई गई यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**